कोसानाला में रिटेनिंग वॉल एवं चैनेलाइजेशन का कार्य प्रगति पर

-नीचली बस्तियों को बरसात के दिनों में मिलेगी राहत

- 5 किलोमीटर तक चलेगा विकास कार्य

भिलाई नगर/ कोसानाला शहर का महत्वपूर्ण नाला है। इस नाले में उफान आने से बारिश के दिनों में नीचली बस्तियों में पानी भर जाता है। इस वजह से खासकर बारिश के दिनों में हजारों परिवारों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ता है। विगत कई वर्षों से निचली बस्तियों के लोग इस समस्या से छुटकारा की मांग करते रहे हैं! जिस पर निगम प्रशासन ने इस समस्या को संज्ञान में लेते हुए निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर नाला का सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य कराने का कार्य जनवरी माह से प्रारंभ कर दिया है। कोसानाला में 17 करोड़ की लागत से चैनेलाइजेशन/रिर्टनिंग वाल बनाया जाएगा, जिसकी शुरुआत हो चुकी है। इसका कार्य मैसर्स रायपुर कंट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड बबला कांप्लेक्स को दिया गया है! कोसानाला के आसपास का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। यही नहीं करीब 5 जगह पर पुल भी बनाएं जाएंगे। जिससे आने वाले दिनों में शहर के नीचली बस्तियों के हजारो परिवारों को नाला का पानी गली में व लोगों के घरों में घूसने जैसी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। नेहरू नगर जोन के कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा ने बताया कि फाइटोराइट के समीप के नाला से लेकर खमरिया रोड की ओर जाने वाले नाला तक निर्माण किया जाएगा! वर्तमान में सूर्या मॉल से अवंती बाई चौक जाने वाले रास्ते पर कोसानाला पड़ता है, माइलस्टोन स्कूल के समीप स्थित पुल से रिटेनिंग वॉल का कार्य प्रारंभ किया गया है यहां से खमरिया रोड की ओर 500 मीटर तक की दूरी तक कार्य किया जाएगा! श्री शर्मा ने बताया कि फाइटोराइट के पास से लेकर मॉडल टाउन स्थित स्कूल के समीप पुल से खमरिया रोड जाने वाले रास्ते तक कोसानाला में रिटेनिंग वॉल एवं नाला का पक्कीकरण कार्य किया जाएगा। इसका विकास होने से नीचली बस्तियों में पानी भरने की संभावना समाप्त हो जाएगी। आसपास के निवासियों के घरों में एवं क्षेत्र में जलभराव की नौबत नाला की वजह से नहीं आएगी और शहर का यह नाला सुंदर भी प्रतीत होगा। कोसानाला भिलाई का सबसे पुराना नाला है। बीएसपी एरिया से निकले वाला टाउनशिप का पूरा गंदा पानी बहकर भिलाईनगर रेलवे स्टेशन के कोसानाला में आकर मिलती है। और यहां से नाला कोसानगर होते हुए मॉडल टाउन , जुनवानी, खम्हरिया से होकर आगे जाती है। भिलाई निगम की सीमा क्षेत्र में नाला की लंबाई करीब 5 किलोमीटर है। इस नाला को बीएसपी से निकले वाले गंदे पानी को शहर के बाहर बहाने के लिए बनाया गया था। नाला का विकास कार्य हो जाने से सबसे बड़ा लाभ नीचली बस्तियों के लोगों को होगा। नाले में रिर्टनिंग वॉल बनेगा तो नाला का पानी सीधे तेजी से आगे बढ़ेगा। इससे बस्तियों में पानी नहीं भरेगा। पानी की निकासी अच्छे से होगी। बस्तियों में पानी नहीं घूसेगी तो बीमारी भी नहीं फैलेगी। कोसानाला को लेकर निगमायुक्त श्री रघुवंशी एवं जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि निरीक्षण कर चुके हैं! नाला गहरीकरण के लिए भी कुछ स्पॉट को चयन किया गया है!

जनसंपर्क अधिकारी